नवोदय टाइम्स
नई दिल्ली
NAVODAYA TIMES, New Delhi
ABC से प्रमाणित 1,36,682 प्रतियां प्रतिदिन (औसतः जनवरी-जून 2018)

इंग्लैंड फुटबॉल टीम की सबसे सुंदर फैन पति के लिए छोड़ेगी फोटोशूट 12

रविवार, 4 नवम्बर, 2018 ● तदनुसार 18 कार्तिक, विक्रमी सम्वत 2075 | www.navodayatimes.in |

कमाल खान ने इश्क सूफियाना गाने पर बांधा समां

नोएडा, 3 नवम्बर (ब्यूरो) : गौर सिटी सोसायटी में दो दिवसीय सांस्कृतिक मेले का आयोजन शुरू हो गया। शनिवार को मेले में जाने-माने गायकों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गायकों ने अपनी सुरीली आवाज के साथ शुरू की। डीजे गायिका अंकिता ने संगीत के साथ रीमिक्स गानों से की। जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। लौंग लाइची गीत की गायक मन्नत कौर ने पंजाबी गानों का ऐसा तड़का लगाया कि हर कोई संगीत की मस्ती में झूम उठा। बॉलीवुड के जाने माने गायक कमाल खान ने इश्क सूफियाना गाने पर प्रस्तुति देकर माहौल को रंगारंग बना दिया।

पंजाबी सिंगर सुक्खी ने जैगुआर गाना गाकर युवाओं में जोश भर दिया। संगीत और मनोरंजन से भरी शाम का अंत डीजे जुल्फी ने अंतिम प्रस्तुति देकर किया। दर्शक झूमने के साथ पलों को कैमरों में कैद करते दिखे। रविवार को कार्यक्रम का दूसरा दिन होगा। जिसमें परमिश वर्मा, डीजे गोरी सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।